हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 24 मई 2026



# धान खरीदी के चार महीने बाद भी नहीं हुआ उठाव, हजारों क्विंटल सूखत की शिकायत

## जिले में हुई थी 62 लाख क्विंटल धान की खरीदी, 31 मई तक शत-प्रतिशत उठाव का टारगेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी खत्म हुए चार महीने का समय बीत चुका है, लेकिन अब तक कई उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव शत-प्रतिशत नहीं हो पाया है। समय पर धान का उठाव नहीं होने के कारण समितियों में खुले में रखे धान में सूखत की भारी समस्या सामने आने लगी है। वहीं लगातार बैठक के बाद एक बार फिर दर्जनभर समितियों को मोहलत दे दी गई है।

इधर हाल ही में जिले की समितियों की एक रिपोर्ट सामने आई है। जिसमें धान उठाव में हुई इस बड़ी देरी और नुकसान की पुष्टि होती है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिले के अलग-अलग सोसायटियों और उपार्जन केंद्रों में कुल 65927 क्विंटल से भी अधिक धान उठाव के लिए शेष है। लगातार चार महीनों तक धान पड़े रहने के कारण इस शेष धान में 4433 क्विंटल से अधिक की अनुमानित कमी या सूखत दर्ज की गई है। आंकड़ों पर गौर करें तो कई समितियों में स्थिति काफी गंभीर नजर आती है। घुमका उपार्जन केंद्र में 2409 क्विंटल और मुसराकला में 2474 क्विंटल धान उठाव के लिए शेष पड़ा है। वहीं बम्हनी चारभाठा और झाड़ीखेड़ी जैसे केंद्रों में भारी मात्रा में धान बचा हुआ है। जिससे यहां सूखत का आंकड़ा और भी बढ़ गया है। इन तमाम उपार्जन केंद्रों में सीपेज के लिए कुल 153733 बारदानों की अनुमानित आवश्यकता भी दर्ज की गई है।

अलग खबर

### फिर मिली मोहलत

अप्रैल महीने से लेकर अब तक प्रशासन धान उठाव को लेकर समितियों की तीन से अधिक बार बैठक ले चुका है, लेकिन इसके बाद भी जिले में शत-प्रतिशत उठाव सुनिश्चित नहीं किया जा सका है। सूत्रों के अनुसार करीबन दर्जनभर समितियों को उठाव पूरा कराने के लिए और मोहलत दे दी गई है। मई के अंत तक शत-प्रतिशत उठाव के दावे किए जा रहे हैं।



### उठाव में तेजी जरूरी

मई का महीना आधा बीत चुका है और 23 मई तक की स्थिति में भी हजारों क्विंटल धान का समितियों में फंसे रहना बड़ी सुस्ती को दर्शाता है। इतनी बड़ी मात्रा में धान सूखने से जो भारी नुकसान हो रहा है, उसकी भरपाई समितियों के लिए एक बड़ा सवाल बन गई है। बारिश का मौसम भी करीब आ रहा है। ऐसे में यदि जल्द ही इस शेष धान का उठाव नहीं हुआ तो सूखत के साथ-साथ धान पूरी तरह खराब होने का भी खतरा मंडरा रहा है।

### सरकार को होगा नुकसान

पिछले डेढ़ महीने से जारी भारी गर्मी में भी समितियों से धान नहीं उठने के कारण हजारों क्विंटल सूखत देखने को मिलेगा। जिससे शासन को करोड़ों रुपए का नुकसान झेलना पड़ेगा। हालांकि प्रशासन का कहना है कि समितियों से उठाव पूरा होने के बाद ही पता चल पाएगा कि उन समितियों में कितना सूखत आया है। ज्ञात हो कि शासन ने 31 मार्च तक उठाव करने के निर्देश दिए थे।

## खबर संक्षेप

### मोपेड में ले जा रहा था शराब, 35 पौवा बरामद



**राजनांदगांव।** मोपेड़ में अवैध रूप से शराब ले जाने की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को पकड़कर 35 पौवा शराब बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 23 मई को पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति नीला रंग की एक्टिवा स्कूटी में अवैध रूप से मात्रा से अधिक शराब ले जा रहा है। सूचना पर तत्काल चौकी चिखली पुलिस टीम तैयार कर चिखली-खैरागढ़ रोड निर्माणाधीन श्लोका ग्रीन सीटी के सामने रोड के पास नाकाबंदी कर नीला रंग की एक्टिवा स्कूटी को रोककर चेक करने पर आरोपी युधिष्ठिर राजपूत 24 साल साकिन चिखली रमन बाजार द्वारा अपने एक्टिवा स्कूटी वाहन की डिक्की में 35 पौवा सवा शेरा देशी शराब अवैध रूप से तस्करी करते हुए पाया गया। आरोपी के कब्जे से उक्त शराब 35 पौवा सवा शेरा देशी शराब कीमती 2800 रुपए एवं एक्टिवा स्कूटी को जब्त कर वैधानिक कार्रवाई कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया गया।

### भटके बालक को पुलिस ने मां से मिलाया

**राजनांदगांव।** एक सात वर्षीय बालक भटक गया था, जिस पर पुलिस ने पतासाजी करते बालक को उसकी मां से मिलवाया। मां को बालक सकुशल मिल जाने पर पुलिस के प्रति उन्होंने आभार व्यक्त किया।

पुलिस के अनुसार 23 मई को एक नाबालिग 7 वर्षीय बच्चा जो पोस्ट ऑफिस चौक के पास घूमते पाए जाने पर थाना लाया गया। थाना में थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा बच्चे से पूछताछ करने पर अपना व पिता का नाम उम्र 7 साल, जो रहने वाला भिलाई का बता रहा था। वह अपना घर का पता स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रहा था।

#### मां को किया सुपुर्द-

मामले की गंभीरता को देखते बच्चे के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के दिशा-निर्देशन पर थाना स्टॉफ के साथ मोटर साइकिल में बच्चे को लेकर आसपास के क्षेत्र में घुमाया गया। बच्चे की मां शनि मंदिर गली हमालपारा राजनांदगांव में दिखने पर उसे सकुशल बच्चे को सुपुर्द किया गया।

#### पुलिस का माना आभार

मां से पूछताछ करने पर अपने रिश्तेदार के घर अपने बच्चे के साथ सुबह राजनांदगांव आई थी, जहां से बच्चा बिना बताए घर से बाहर चला गया था, जिसे ढूंढ रह थे। पीड़ति मां को थाना कोतवाली पुलिस की सजगता एवं उसका नाबालिग बच्चा सकुशल मिल जाने से राजनांदगांव पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

## ई-केवाईसी नहीं कराने वालों में 75% से अधिक बीपीएल सदस्य

# पांच महीने बाद भी 91 हजार सदस्य का ई-केवाईसी नहीं, वितरण रूका

### जिले में फर्जी राशनकार्ड के जरिये बड़े भ्रष्टाचार की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने की मुहिम अब निर्णायक मोड़ पर है। राज्य सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि राशन का लाभ केवल उन्हीं को मिलेगा जिनका ई-केवाईसी पूर्ण होगा। राजनांदगांव संभाग की हालिया रिपोर्ट चौंकाने वाले खुलासे कर रही है। जिससे पता चलता है कि हजारों ऐसे राशनकार्ड धारक हैं, जो अपना ई-केवाईसी ही नहीं कराने पहुंच रहे हैं। जिसके चलते इन राशनकार्ड धारकों को राशन का वितरण भी पिछले पांच महीने से रोक दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए सरकार द्वारा अनिवार्य की गई ई-केवाईसी प्रक्रिया ने राशन वितरण के खेल में बड़ा खुलासा किया है। रिपोर्ट के अनुसार राजनांदगांव संभाग के तीन जिलों में अब भी 91,819 सदस्यों ने अपना ई-केवाईसी पूरा नहीं कराया है। हैरानी की बात यह है कि पिछले पांच महीनों से बार-बार मौका दिए जाने के बावजूद इतने लोग सामने नहीं आ रहे हैं। इस उदासीनता के कारण बड़ी संख्या में राशन कार्डों का वितरण प्रभावित हुआ है।

अलग खबर

### जिलेवार राशनकार्ड के आंकड़े

| | | | |
|---|---|---|---|
| राजनांदगांव | 9,60,795 | 8,78,374 | 48,505 |
| खैरागढ़-छुईखदान-गंडई | 4,25,372 | 3,85,982 | 25,379 |
| मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी | 2,98,435 | 2,72,598 | 17,935 |
| कुल योग | 16,84,602 | 15,36,954 | 91,819 |



फाईल फोटो

### केवाईसी बिना वितरण नहीं

मिली जानकारी के अनुसार अविभाजित राजनांदगांव जिले में कुल राशन कार्ड की संख्या 4,64,510 है। इनमें कुल 16,84,602 सदस्यों के नाम शामिल है। जिनमें से अब तक 15,36,954 सदस्यों का ई-केवाईसी पूर्ण हो चुका है। वहीं कुल 91,819 सदस्य अब भी शेष हैं। जिनमें 71,557 बीपीएल और 20,262 एपीएल सदस्य शामिल हैं। जिलेवार आंकड़े देखे तो राजनांदगांव यहां सबसे अधिक 48,505 सदस्य ई-केवाईसी हेतु शेष हैं। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 25,379 सदस्यों ने अब तक प्रक्रिया पूरी नहीं की है। वहीं वनांचल जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 17,935 सदस्य अभी भी शेष सूची में हैं।

### एकमुश्त राशन की सुविधा

राजनांदगांव सहित कई जिलों में अप्रैल से जून 2026 तक का तीन महीने का राशन एक साथ दिया जा रहा है, लेकिन इसके लिए ई-केवाईसी अनिवार्य शर्त है, जिन कार्डधारकों ने केवाईसी नहीं कराया है, उनका पिछले कुछ महीनों का राशन वितरण रोक दिया गया है। राज्य की लगभग 365 दुकानों में भंडारण की समस्या के कारण अप्रैल में जो राशन चावल, शक्कर, नमक नहीं मिल पाया था, उसे अब मई के कोटे के साथ जोड़कर दिया जा रहा है, बशर्ते पात्रता की शर्तें पूरी हो।

### बड़े स्तर पर चल रहा था फर्जीवाड़ा

ई-केवाईसी के लिए सामने न आने वाले इन 91,819 लोगों की संख्या से यह स्पष्ट संकेत मिल रहा है कि क्षेत्र में कितने बड़े पैमाने पर बोगस कार्डों के जरिये राशन का अवैध उठाव और भ्रष्टाचार किया जा रहा था। प्रशासनिक जानकारों का मानना है कि जो लोग वास्तव में पात्र हैं, वे अपना सत्यापन करा चुके हैं, लेकिन जो कार्ड केवल कागजों पर या गलत जानकारी के आधार पर चल रहे थे, उनके हितग्राही अब ई-केवाईसी कराने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। इस प्रक्रिया ने न केवल फर्जी कार्डों की पहचान की है, बल्कि सरकारी खजाने को चूना लगाने वाले राशन माफियाओं के मंसूबों पर भी पानी फेर दिया है।

# यातायात के नियम तोड़े 368 से 2.74 लाख वसूले

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात नियमों के पालन हेतु पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन के 368 प्रकरणों में 2,74,300 रुपए का चालान, अर्थदंड की वसूली की गई। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध न्यायालयीन एवं लाइसेंस निलंबन कार्रवाई की जा रही है।

जिला केसीजी पुलिस टीमअभियान के दौरान चौक-चौराहों एवं बाजार क्षेत्रों में आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाइश दी जा रही है। वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, मोटर साइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने, मालवाहक वाहन में सवारी नहीं बैठाने, बिना नंबर प्लेट वाले वाहन नहीं चलाने, मोटर साइकिल में तीन सवारी नहीं बैठाने तथा शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने की समझाइश दी जा रही है। साथ ही वाहन के आवश्यक दस्तावेज जैसे पॉल्यूशन, फिटनेस, बीमा एवं ड्राइविंग लाइसेंस अद्यतन रखने हेतु भी प्रेरित किया जा रहा है।

### अब तक 368 मामले

पुलिस के अनुसार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मई माह में अब तक मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई करते बिना नंबर प्लेट के 115, तीन सवारी के 69, बिना हेलमेट के 15, मालवाहक वाहन में सवारी बैठाने के 05, शराब पीकर वाहन चलाने के 12, प्रेशर हॉर्न के 30 एवं अन्य धाराओं के 122 प्रकरणों सहित कुल 368 प्रकरण दर्ज कर समन शुल्क, अर्थदंड राशि 2,74,300 रुपए की कार्रवाई की गई है।

### शराब पीकर वाहन चलाने पर भी एक्शन

शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने वाले चालकों को न्यायालय खैरागढ़ में प्रस्तुत किया जा रहा है तथा प्रकरणों के निराकरण उपरांत उनके ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन हेतु संबंधित परिवहन विभाग को प्रेषित किया जा रहा है। मालवाहक वाहनों में सवारी परिवहन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भी लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई लगातार जारी है।

# तापमान@46, प्रदेश में सबसे गर्म रहा नांदगांव, दिनभर झुलसे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उत्तर पश्चिम से आ रही गर्म हवाओं के असर से अंचल में गर्मी का कहर लगातार जारी है। जिले का अधिकतम तापमान चढ़कर अब 46 डिग्री पर पहुंच गया है। यह प्रदेश के बाकी सभी शहरों से अधिक है। तापमान में आई अचानक बढ़ोत्तरी ने जनजीवन पर भी काफी असर किया है।

दिनभर हीटवेव के अलर्ट के बीच अंचल में दिनभर गर्म हवाएं चलती रही। जिसके चलते लोगों की सेहत पर भी असर देखने को मिला। मौसम विभाग के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण बिहार और उसके आसपास 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।



### ग्रीष्म लहर की रहेगी स्थिति

प्रदेश में उत्तर पश्चिम से गर्म और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार बने रहने के कारण अधिकतम तापमान में वृद्धि का क्रम जारी है। प्रदेश में कल 24 मई को अधिकतम तापमान में हल्की वृद्धि के साथ कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश में ग्रीष्म लहर चलने अथवा ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बने रहने की संभावना है। प्रदेश में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है।

# घर की बाड़ी में गांजे की खेती पौधे बरामद, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अवैध रूप से गांजा की खेती करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के घर की बाड़ी में लगे 6 नग गांजा का पौधा बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार थाना लालबाग पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 22 मई को थाना में मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मोहभट्टा (चमारराय टोलागांव) निवासी तुलेश्वर साहू अपने घर की बाड़ी में अवैध रूप से गांजा के पौधों की खेती कर रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई। उक्त कृत्य एनडीपीएस एक्ट का अपराध पाए जाने पर आरोपी के विरुद्ध थाना लालबाग में धारा 20(क)(i) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

**बाड़ी से 6 नग गांजा के पौधे बरामदः** कार्रवाई के दौरान आरोपी तुलेश्वर साहू 25 वर्ष निवासी ग्राम मोहभट्टा के कब्जे के घर बाड़ी से 6 नग गांजा के पौधे जड़ सहित बरामद किए गए। जब्त गांजा पौधों की अनुमानित कीमत लगभग 12,000 रुपए है।

## गणवेश-किताब खरीदने के दबाव और फीस वृद्धि पर रखेंगे नजर

# निजी स्कूलों की मनमानी रोकने जिला और ब्लॉक स्तर पर बनेगी समिति, फिल्ड पर जाकर तैयार करेंगे रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

निजी स्कूलों की मनमानी और लगातार बढ़ती फीस से परेशान अभिभावकों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। निजी स्कूलों द्वारा बच्चों की कॉपी-किताब और गणवेश किसी एक ही दुकान से खरीदने का दबाव बनाने की मिल रही लगातार शिकायतों पर राज्य शासन ने अब सख्त रूख अपनाया है।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के बाद अब राजनांदगांव जिले में भी इसकी निगरानी और जांच के लिए जिला और विकासखंड स्तर पर समितियों का गठन किया जा रहा है। शासन के संज्ञान में यह बात लगातार आ रही थी कि निजी शालाओं द्वारा पालकों को किसी एक ही फर्म से सभी सामग्री खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है। इन दुकानों में अप्रत्याशित दामों के कारण राजनांदगांव के पालकों पर भी भारी वित्तीय बोझ पड़ रहा था। इस समस्या के त्वरित निराकरण के लिए अब जिला स्तर पर एक निगरानी समिति काम करेगी। इस समिति में राजनांदगांव कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी और सहायक आयुक्त जीएसटी शामिल होंगे, जो जिलेभर में इस तरह की गतिविधियों पर नजर रखेंगे।




### फीस वृद्धि पर रहेगी नजर

सामग्री खरीदी के दबाव के साथ ही शासन ने स्कूलों की फीस को लेकर भी कड़े निर्देश दिए हैं। राजनांदगांव जिले में अशासकीय विद्यालयों में मनमानी फीस बढ़ोत्तरी से संबंधित शिकायतों पर अब स्वतः संज्ञान लिया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव द्वारा सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए गए हैं कि छत्तीसगढ़ अशासकीय विद्यालय फीस विनियमन विधेयक 2020 के अनुरूप इस मामले में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस आदेश के बाद जिले के हजारों पालकों को निजी स्कूलों की मनमानी से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

### ब्लॉक स्तर पर भी बनेगी समिति

जिला स्तर के साथ ही जिले के हर विकासखंड स्तर पर भी एक जांच दल समिति का गठन किया जाएगा। इस ब्लॉक स्तरीय समिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी और जीएसजी इंस्पेक्टर शामिल होंगे। यह दल सीधे मैदानी स्तर पर जाकर शिकायतों की जांच करेगा और अपनी रिपोर्ट सौंपेगा।

समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
दंत रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
डॉ. दीपिका जैन
बी.डी.एस., एम.डी.एस.
(आर्थोडॉन्टिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)
एफ.सी.डी.डी. (मुंबई)
प्रतिदिन उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
टेढ़े-मेढ़े एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल/सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
लेजर/दांत के रंग की फिलिंग
क्लीयर अलाईनर
दांत निकालना
अक्ल दाढ़ निकालना
फ्रेक्चर जबड़े का ईलाज
मुंह कम खुलने का उपचार
इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
सभी प्रकार के मुंह के कैंसर एवं छाले का उपचार
बत्तीसी (फिक्सड/निकालने एवं लगाने वाली)
पायरिया, दांतों की सफाई एवं मसूड़ों की सर्जरी
• डिजिटल एक्स-रे • एडवांस्ड डेंटल ऑपरेशन थिएटर
• डेंटल लेज़र, डेंटल इम्प्लांट • फेशियल ट्रामा केयर
अपॉईटमेंट : 07744-356654, 94255-29769
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बुढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

**खबर संक्षेप**

## रिद्धी जैन ब्लाक में प्रथम



**डोंगरगांव।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की कक्षा आठवीं की छात्रा रिद्धि जैन ने 98.17 फीसदी अंक के साथ ब्लाक में पहला स्थान हासिल किया है। मनीष जैन और योगिता जैन की बेटी रिद्धि बचपन से ही मेधावी है। उसकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शाला समिति के अध्यक्ष अरुण जैन सहित सदस्यों, शिक्षकों ने बधाई दी है।

## युवाओं ने किया भाजपा प्रवेश



**डोंगरगांव।** पार्षद चुनाव लड़ चुके राजा देवांगन एवं अरसीटोला निवासी डेविड साहू ने भाजपा प्रवेश किया है। मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष शरद वैष्णव ने उन्हे जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, गुलशन हिरवानी, रामकुमार गुप्ता, चुन्नी यदु की उपस्थिति में भाजपा प्रवेश कराया। इस दौरान योगेश पटेल, पार्षद प्रफुल्ल जैन राजा, गौरव यदु, नवनीत अहिर, हिमांशु साहू, सहित अन्य मौजूद थे।

## घर में सुरक्षित रहे व्यर्थ न घूमे

**खड़गांव।** भीषण गर्मी को देखते हुए व्यापारी संघ ने आमजनों से सतर्क रहने की अपील की है। संघ ने लोगों से सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक व्यर्थ न में घूमने की सलाह दी है। सदस्यों ने कहा कि भी षण गर्मी से लू लगने की संभावना है। व्यापारी संघ अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि भीषण गर्मी और नवतपा के दौरान जब भी घरों से निकलना हो तो टोपी, चश्मा, गमछा बांधकर निकले और हमेशा जेब में प्याज रखे। छोटे बच्चों को वर्तमान ठंडा पेय न पिलाएं। ठंडा पेय के उपयोग से गले की समस्या होने की संभावना है। व्यापारी संघ के जितेंद्र गुप्ता, देवेन्द्र गुप्ता, तोमन साहू, ओमप्रकाश शर्मा, चाहत तंबोली, बब्बू देवांगन, लक्की गुप्ता, रूपेश गुप्ता व अन्य सदस्यों ने आमजनों को जागरूक करने के लिए सोशल मीडिया पर सुरक्षित रहने के लिए संदेश भेजा है।

## चयन परीक्षा 26 जुलाई को

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 के कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 26 जुलाई दोपहर 12 से 2 बजे तक परीक्षा केन्द्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (पेण्ड्री) राजनांदगांव में चयन लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

**निधन**

### मधुशरण सिंह



**डोंगरगढ़।** भाजपा नेता मधुशरण सिंह का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में शोक व्याप्त है। वह लंबे समय से भाजपा से जुड़े थे। स्व सिंह अपने सरल स्वभाव और समाज सेवा के लिए जाने जाते थे।

### राजिंदर कौर भाटिया



**राजनांदगांव।** श्रीमती राजिंदर कौर भाटिया पत्नी स्वर्गीय गुरदीप सिंह भाटिया निवासी सिंधी कॉलोनी गली नं. 6 लालबाग का अकाल चलाना हो गया है। उनके निधन से भाटिया परिवार सहित समस्त परिचितों एवं समाजजनों में गहरा दुःख व्याप्त है। अंतिम यात्रा कल 24 मई सुबह 9 बजे निवास स्थान सिंधी कॉलोनी लालबाग गली नं. 6 से मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। श्रीमती भाटिया अपने पीछे पुत्र मनमीत सिंह भाटिया (मोंटी), पुत्र टिल्लू सिंह भाटिया समेत भरापूरा परिवार छोड़ गई।

# सुशासन तिहार के बाद पार्षदों के सामने खरा उतरने की चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

शहर में एक और समाधान शिविर के आयोजन के बाद सुशासन तिहार पर विराम लग जाएगा जिसके साथ प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस के पार्षदों के सामने जनता की कसौटी में खरा उतरते हुए मांगो को पूरा कराने की जिम्मेदारी खड़ी हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि निकाय क्षेत्र में भी सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अब तक 3 शिविर का आयोजन हो चुका है। शहर के 13 वार्डों से मांग के 574 और शिकायत के 29 आवेदन मिले है। आंकड़ों के लिहाज से देखा जाए तो निर्दलीय पार्षद नफीसा बड़गुजर के वार्ड क्रमांक 8 से मांग के 125 और शिकायत के 2 आवेदन आए है। सबसे कम आवेदन नगर पंचायत उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता के वार्ड से मिले है। वार्ड क्रमांक 4 के मात्र 4 लोगों ने मांग का आवेदन दिया है।

## शिविर में आ रहे मांगों के आवेदन

### कहां कितने आवेदन आए

जानकारी के अनुसार भाजपा नेतृत्व वाले 11 में से 9 वार्डों से अब तक मांग के 324 आवेदन आए है। आने वाले दिनों में दो वार्ड के शिविर बाद यह आंकड़ा और बढ़ जाएगा। भाजपा पार्षद पद्मिनी ठाकुर के वार्ड 15 से मांग के सबसे अधिक 74 आवेदन आए है। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक दो से 32, वार्ड पांच से 18, वार्ड छह से 69, वार्ड सात से 24, वार्ड नौ से 26, वार्ड 10 से 31, वार्ड 12 से 46 आवेदन मांग के आए हैं।

### प्रशासन की भी परीक्षा

शिविर आयोजन के बाद प्रशासन को भी सरकार की मंशा और लोगों की अपेक्षा के मुताबिक मांगों को पूरा करने की कड़ी चुनौती से जूझना पड़ेगा। जानकारी के अनुसार निकाय क्षेत्र में सबसे अधिक 331 आवेदन राजस्व विभाग में आए है। दूसरे क्रम में नगरीय निकाय है जिसे अब तक 173 आवेदन मिले है। अन्य विभाग को मिले आवेदनों की संख्या इकाई दहाई तक सिमटी है। कुछ विभागों का खाता अब तक नहीं खुला है।

### भाजपा के सामने कड़ी चुनौती

निर्वाचन के बाद से प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर सुनवाई नहीं होने तथा आपसी अंतर्कलह से जूझ रहे भाजपा के पार्षदों के सामने जनता की कसौटी में खरा उतरने में बड़ी चुनौती है। भाजपा में कलह की स्थिति यह है कि अपने के विरोध के चलते नगर पंचायत की बैठक को स्थगित करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि बीते गुरूवार को रेस्ट हाऊस में पार्षदों की बैठक हुई थी। बहुसंख्यक पार्षदों ने नेतृत्व की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जमकर खरी खोटी सुनाया था। सबसे हैरानी वाली बात यह रही दो महिला पार्षदों को छोड़कर अन्य सभी विरोध में रहे जिसके चलते नगर पंचायत की बैठक निरस्त करने की नौबत आ गई थी।

### सुशासन तिहार में उठा मामला, दुर्गंध से वार्डवासी परेशान

# भीषण गर्मी से तपा तालाब का पानी, मर रही मछलियां

## संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

प्रचंड गर्मी के चलते मोती तालाब का पानी इतना गर्म हो रहा है कि मछलियां मरने लगी है। एक सप्ताह से मृत मछलियां तालाब में तैर रही है जिससे आसपास के लोगों को दुर्गंध जूझना पड़ रहा है।

वार्ड 14 निवासी गौरीशंकर यादव, पूर्व पार्षद साधना सिंह, सुनीता निषाद, कली यादव, कविता ठाकुर, लक्ष्मी कोमरे, विजयशंकर खंडेलवाल, राजकुमार, प्रीति निषाद, रमोतिन, खोमिन, तरूणा मालेकर ने शिकायत में बताया कि मोती तालाब में पानी बहुत कम हो गया है। पानी कम होने और भीषण गर्मी से मछलियां मर रही है। मरी मछलियों से उठने वाले दुर्गंध से आसपास के लोग परेशान है। नागरिकों को इस बात का भय सता रहा है कि मरी मछलियों से क्षेत्र में संक्रामक बीमारी न फैल जाए। नागरिको ने नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी एवं सीएमओ विजय पांडेय से शिकायत कर त्वरित निरकारण कराने की मांग की है।



### मोती तालाब का निरीक्षण

मोती तालाब में मछलियां मरने की शिकायत मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बुधवार को मौके में पहुचकर तालाब का निरीक्षण करते हुए आस पास के निवासियो से चर्चा की। नगर अध्यक्ष ने सीएमओ को इस संदर्भ में तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। नगर अध्यक्ष ने निकाय के सफाई अमले को मछलियों को निकालने के लिए तालाब में उतरवा दिया। इसके अतिरिक्त ठेकेदार को तालाब से मरी हुई मछलियो को निकालकर नगर से दूर ले जाकर डिस्पोजल करने का निर्देश दिया।

### नहीं होती है निस्तारी

मोती तालाब का लोग निस्तारी के लिए उपयोग नहीं करते है क्योंकि निस्तार का गंदा पानी नालियों के माध्यम से तालाब में पहुंचता है। निजी तालाब होने एवं तालाब में निस्तार नही होने के कारण नगर पंचायत इस तालाब के प्रति उदासीनहै। तालाब में वर्षो से मछली पालन किया जा रहा है। वर्तमान में पानी कम होने एवं तापमान बढने से तालाब की मछलियां मरने लगी है।



### ठेकेदार को नोटिस जारी

तालाब से मरी मछलियो को निकालने के लिए संबधित ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है। तालाब की सफाई के लिए निकाय के अमले को लगाया गया है। - **विजय पांडे,** सीएमओ

# बस-ट्रक दुकान में घुसे बाल-बाल बचे मुसाफिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क चिरचारी

सड़क चिरचारी में सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया।



महाराष्ट्र की ओर से आ रहे बस और ट्रक दुकान में घुस गए। जानकारी के अनुसार यह घटना करीब 6 से 6:30 बजे के बीच हुई। यात्री बस सीजी 10 बीएक्स 3882 और ट्रक क्रमांक एमएच 40 सीटी 1859 महाराष्ट्र से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे थे। बस में बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूर सवार थे, जो हैदराबाद से गृह ग्राम लौट रहे थे। ओवरटेक करने की आपाधापी में दोनों वाहन अनियंत्रित हो गए और मुख्य मार्ग से नीचे उतरकर सड़क किनारे स्थित दुकानों में घुस गए।

### ओवरटेक के प्रयास से हुआ हादसा

हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वाहन सीधे दुकान के छज्जों और मलबे तक जा पहुंचे। राहत वाली बात यह रही कि गंभीर घटना होने के बाद भी जनहानि नहीं हुई। बस में सवार सभी प्रवासी मजदूर सुरक्षित हैं। हालांकि अचानक हुए झटके और भिड़ंत के कारण एक महिला यात्री के सिर पर चोट आई है, जिसका मौके पर मौजूद लोगों और प्रशासन की मदद से तत्काल उपचार कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही बाघनदी थाना पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौका मुआयना करते हुए हाईवे पर यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया।

# नवोदय विद्यालय में स्वास्थ्य जांच



**डोंगरगढ़।** आयुष स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर एवं होम्योपैथी औषधालय ने पोषण पखवाड़ा अंतर्गत पीएम श्री नवोदय विद्यालय में स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस दौरान बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें संतुलित आहार एवं पोषण के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के माध्यम से बच्चों के विकास, स्वस्थ जीवन शैली तथा उचित खानपान के बारे में जागरूक किया गया। प्राचार्य श्री सिंह, चिरायु के डॉ. मनोज राय, डॉ. देहुती, नर्स गजभिये, आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. शोबी खान एवं डॉ. आलोक कलचुरी ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कुपोषण उन्मूलन हेतु प्रेरित किया। होम्योपैथी औषधालय में भीषण गर्मी एवं लू से बचाव हेतु होम्योपैथिक औषधियों का वितरण किया गया।

# गैस सिलेंडर रखकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने बढती महंगाई के विरोध में गत दिनों धरना दिया। कार्यकर्ताओ ने महंगाई का विरोध करते हुए महंगाई एवं पेट्रोलियम उत्पादो के मूल्य में कमी करने की मांग की।

ब्लाक मुख्यालय में बुधवार को बढती महंगाई के खिलाफ सडक पर उतरे कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियो के कारण पेट्रोल, डीजल, एवं खाद्य सामग्री आदि के दाम दिनों दिन बढ रहे है। महंगाई के कारण मध्यमवर्ग, किसान, मजदूर, आम नागरिक, छोटे व्यापारियो को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। दैनिक जीवन से जुडी सामग्रियो के मूल्यो में हो रही वृद्धि से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। धरना में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, उदेराम साहू, बेनीप्रसाद साहू, विमल साहू, भैयाराम यादव, पूनमचंद साहू, विकास लाउत्रे, झरनेष कुंभकार, गोपीचंद देवांगन, संतोष नेताम, रवि हेनरी, डेरहाराम मेश्राम, मनोहर लाउत्रे, जितेन्द्र उईके, ललित कसारे, योगेश पटेल सहित अन्य शामिल हुए।



### युवक कांग्रेस अध्यक्ष हुए शामिल

कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने पंडाल में गैस सिलेंडर एवं डीजल, पेट्रोल के जेरीकेन को सामने रखा था। धरना युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, जिला अध्यक्ष मनीश निर्मल एवं युवा कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। युवा अध्यक्ष आकाश शर्मा ने भाजपा सरकार पर कडे प्रहार करते हुए कहा कि सरकार में आने के लिए भाजपा ने हर वर्ग को छला है। जनता अब पीएम मोदी एवं भाजपा के झूठे वादों को जान गई है।

# सौंदर्यीकरण की अनदेखी, सूख रहे पौधे

**डोंगरगढ़।** स्थानीय रेलवे स्टेशन का हाल ही में सौंदर्यीकरण किया गया था। स्टेशन परिसर को आधुनिक रूप देने के साथ यहां सुंदर टाइल्स, सजावटी घास और विभिन्न पौधे लगाए गए थे, ताकि यात्रियों को स्वच्छ और हरा भरा वातावरण मिल सके।



अब देखरेख के अभाव में सौंदर्यीकरण फीका पड़ते जा रहा है। रेलवे प्रांगण में लगाए गए पौधे और घास पानी की कमी के कारण सूखने लगे हैं। स्टेशन परिसर की तस्वीरें यह बयां कर रही हैं कि समय पर सिंचाई और रखरखाव नहीं होने से हरियाली खत्म होती जा रही है। गर्मी के मौसम में पौधों को नियमित पानी की आवश्यकता है, लेकिन जिम्मेदार विभाग की अनदेखी के चलते पौधों की स्थिति खराब हो रही है। लोगों का कहना है कि रेलवे स्टेशन को सजाने में लाखों रुपये खर्च किया गया है लेकिन नियमित देखरेख नहीं होने से पूरा प्रयास बेकार हो रहा है। लोगों ने रेलवे प्रशासन से स्टेशन परिसर में लगे पौधों और घास की नियमित सिंचाई एवं देखभाल करने की मांग की है ताकि स्टेशन की सुंदरता बरकरार रह सके।

### पहाड़ी पर दिखा भालुओं का झुंड


# क्रास पहाड़ी पर गूंजी विचित्र आवाजें, दहशत में आए लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

केदारबाड़ी स्थित क्रॉस हिल शुक्रवार को तब दहशत और रहस्य का केंद्र बन गई जब पास के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार चल रहा था। लोग चिता के पास खड़े थे, तभी पहाड़ी की तरफ से रोने, कराहने और सिसकने की आवाजें गूंजने लगीं।

आवाज इतनी तेज और भयावह थी कि वहां मौजूद लोग डर गए। कुछ देर तक किसी को यह समझ ही नहीं आया कि आखिर यह आवाज किसकी है और कहां से आ रही है। मुक्तिधाम में मौजूद लोगों को लगा कि पहाड़ी पर कोई घायल है या कोई अनहोनी घटना हो गई है। आवाजें तेज होने के साथ मौजूद लोगों के बीच डर और बेचैनी बढ़ने लगी।

कई लोग पहाड़ी की तरफ देखने लगे पर कोई ऊपर जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। इसी दौरान केदारबाड़ी निवासी रवि पांडेय, आशीष, सुमित साहू मौके पर पहुंचे और मोबाइल कैमरा ऑन कर आवाज की दिशा में रिकॉर्डिंग शुरू की। कैमरा क्रॉस हिल की झाड़ियों और चट्टानों की तरफ घूमा तो पूरा रहस्य सामने आ गया। पहाड़ी पर कई भालू घूमते दिखाई दिए, जो लगातार रोने और कराहने की आवाजें निकाल रहे थे।



### नहीं पहुंचे अधिकारी

लोगों की भीड़ के बीच जंगली भालू खुलेआम घूमते रहे, लेकिन वन विभाग का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। लोगों का कहना है कि अगर भालू आबादी की तरफ आते, तो बड़ी घटना हो सकती थी। क्रॉस हिल में लंबे समय बाद भालुओं की गतिविधि दिखाई दी है।

वीडियो सामने आते ही इलाके में सनसनी फैल गई और देखते ही देखते क्रॉस हिल के नीचे लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने पहली बार करीब से भालू देखा और वीडियो बनाया। जानकारों के मुताबिक भालू इस तरह की आवाजें तब निकालते हैं, जब मां और बच्चे एक-दूसरे से बिछड़ जाते हैं या संपर्क बनाने की कोशिश कर रहे होते हैं। इस दौरान भालू बेहद आक्रामक होते हैं।

# बस स्टैंड के आसपास से हटाए गए अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत कार्यालय में एक सप्ताह पहले अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में अध्यक्ष, पार्षद सहित जनप्रतिनिधि और फुटकर व्यवसायी शामिल हुए थे। बैठक के दौरान प्रतीक्षा बस स्टैंड के वाटर एटीएम के आसपास अतिक्रमण कर पान ठेला, फल और अन्य खाद्य सामग्री का व्यवसाय करने वालों को स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की समझाइश दी गई थी। प्रशासन की समझाइश के बाद भी जब व्यवसायियों ने अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो 23 मई को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी अविनाश ठाकुर, सीएमओ अविनाश देवांगन एवं थाना प्रभारी राजेश देवदास की उपस्थिति में पुलिस प्रशासन और नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा अंजाम दिया। प्रशासन ने वाटर एटीएम के पास से सभी अवैध ठेले और दुकानों को हटा दिया।



### व्यवसायियों को चेतावनी

अतिक्रमण करने वाले व्यवसायियों को सख्त हिदायत दी गई है कि उक्त स्थान पर दोबारा ठेला लगाकर व्यवसाय न करें। यदि कोई भी दोबारा वहां दुकान लगाते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए प्रति दिवस 1000 रुपए जुर्माना वसूला जाएगा।

### बाजार टैक्स फ्री होने से बढ़ा कब्जा

कुछ साल पहले प्रशासन ने दैनिक और साप्ताहिक बाजारों को टैक्स फ्री कर दिया है। इस राहत के बाद फुटकर व्यापारियों ने जरूरत से ज्यादा जगहों पर अवैध कब्जा कर लिया है जिसके कारण शहर के कई प्रमुख हिस्सों में अव्यवस्थित ढंग से दुकानें लग रही हैं। प्रशासन इन पुराने और अधिक जगह पर अवैध कब्जा करने वालों पर ध्यान दे, तो वहां अन्य व्यापारियों को आसानी से व्यवस्थित किया जा सकता है।

### व्यवस्थित करना भी जरूरी

प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाना व्यवस्था के लिहाज से जरूरी हो सकता है, परंतु फुटकर व्यापारियों को पूरी तरह व्यवस्थित करने की भी आवश्यकता है। चूंकि गंडई एक बड़ा व्यापारिक केंद्र है और यहां का व्यापार दूर-दूर के गांवों की जरूरतों को पूरा करता है। गरीब और छोटे व्यापारियों को केवल हटा देना समस्या का समाधान नहीं है। इन व्यापारियों की रोजी-रोटी को ध्यान में रखते हुए इन्हें व्यवस्थित करना और व्यापार के लिए उचित स्थान उपलब्ध कराना भी प्रशासन की जिम्मेदारी है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### जंगलेसर शक्ति केंद्र की बैठक आयोजित



**राजनांदगांव।** भाजपा ग्रामीण पश्चिम मंडल अंतर्गत जंगलेसर शक्ति केंद्र की आवश्यक बैठक मंडल अध्यक्ष मनोज साहू के निर्देशानुसार गुरुवार शाम सरपंच निवास में संपन्न हुई। बैठक में मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, शक्ति केंद्र के वरिष्ठ कार्यकर्ता वीरेंद्र साव एवं रामेश्वर चंद्राकर उपस्थित रहे। वहीं शक्ति केंद्र प्रभारी हिपेन्द्र साहू, संयोजक मिथलेश साहू और सह-संयोजक देवल साहू ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।बैठक में बूथ सशक्तिकरण अभियान की समीक्षा करते कमजोर बूथों पर विशेष फोकस करने का निर्णय लिया गया। साथ ही आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का गांव-गांव तक प्रचार-प्रसार करने का संकल्प भी लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि माह के अंतिम सप्ताह में प्रत्येक बूथ में बैठक आयोजित कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "मन की बात" कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना जाएगा। मंडल अध्यक्ष मनोज साहू ने सभी बूथ अध्यक्षों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं से समय-सीमा में संगठनात्मक कार्य पूर्ण करने तथा आमजन तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का आग्रह किया।

### एनसीसी कैडेट्स और स्टाफ ने किया महादान



**राजनांदगांव।** समाजहित और जनकल्याण की भावना को सर्वोपरि रखते कंपोजिट रीजनल सेंटर (सीआरसी) राजनांदगांव परिसर में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 9.30 बजे से शुरू हुए इस शिविर में सेना के जवानों और एनसीसी कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और संकट में पड़े मरीजों की जान बचाने महादान किया। इस मानवीय कार्य में अपनी सहभागिता निभाते 38 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी राजनांदगांव के सैन्य स्टाफ और कैडेट्स ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। एनसीसी शिविर से सूबेदार मेजर सतवर्ग सिंह, सूबेदार जसविंदर सिंह, सूबेदार अनिल शर्मा, हवलदार सुरेंद्र सिंह, हवलदार के. नरेंद्र ने कैडेट्स का हौसला बढ़ाया। साथ ही एनसीसी केयर टेकर वर्षा कुमारी, अंजलि यादव, सिविल स्टाफ से उमेश कुमार साहू और रीना सोनी ने भी इस कार्य में अपना सक्रिय योगदान दिया। समाजसेवा के संकल्प को दोहराते बटालियन के 25 एनसीसी कैडेट्स ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। रक्तदाताओं में मुख्य रूप से पंकज कुमार, युवराज, अदिति, दिव्या, दीप्ति, नीलम और उनके साथी कैडेट्स शामिल रहे।

### सोशल मीडिया में लाखों लोगों ने देखा शनि जयंती



**राजनांदगांव।** श्री शनि जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में स्थानीय रानीसागर तट पर स्थित शनिदेव धाम परिवार द्वारा रानीसागर तट पर 1 लाख से अधिक दीप प्रज्वलित किए गए। जिसमें हजारों की संख्या में नगरवासी उपस्थित होकर दीप दर्शन किए। उक्त दीप प्रज्वलन का वीडियो विभिन्न सोशल मीडिया (फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाटसएप्प आदि) में 5 लाख से अधिक लोगों द्वारा देखा जा चुका है। इस कार्यक्रम के लिए शनिदेव धाम परिवार द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने विभिन्न धार्मिक संगठन, सामाजिक संगठन, शनिदेव धाम के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उक्त जानकारी शनिदेव धान परिवार सदस्य रमेश सोनी द्वारा दी गई।

### प्रांत स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह आज

**राजनांदगांव।** समरस संस्थान साहित्य सृजन भारत के छत्तीसगढ़ इकाई एवं राजनांदगांव, बालोद, दुर्ग, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के नव मनोनीत पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह एवं भव्य कवि गोष्ठी का आयोजन कल 24 मई को सुबह 11 बजे सृजन संवाद त्रिवेणी परिसर दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में आयोजित होगा। मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव व अध्यक्षता संस्थान के संस्थापक व संयोजक डॉ. मुकेश व्यास गांधी नगर गुजरात करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, पद्मश्री फुलबासन यादव, प्रधान संपादक सुशील कोठारी, पार्षद शैंकी बग्गा की उपस्थिति रहेगी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में गजेन्द्र हरिहारनो, अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा, डॉ. चंद्रशेखर शर्मा, लखनलाल साहू, ओमप्रकाश साहू, राजकुमार चौधरी, सुषमा शुक्ला, महेन्द्र कुमार बघेल, वीरेन्द्र तिवारी, अमृत दास साहू, ग्वालाप्रसाद यादव, रोशनलाल साहू, प्रीतम कोठारी, पवन यादव, कुलेश्वर दास साहू, अनिल कसेर, सचिन निषाद, रूपल साहू ने साहित्यकारों से उपस्थिति की अपील की है।

### बच्चों को रमन ने किया सम्मानित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा गुजराती स्कूल के छात्राओं को विद्या विभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया।



शाला प्राचार्य सुषमा शुक्ला ने बताया कि यह शाला परिवार के लिए हर्ष की बात है। यह सम्मान 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर दिया जाता है। शाला के चार बच्चों का नाम नामांकित किया गया था। जिसमें हर्षित साहू, चेतेश्वर, प्रियंका साहू एवं वैष्णवी देवांगन इन चारों बच्चों को स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया एवं नगद पुरस्कार की भी घोषणा की गई है।

गुजराती शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों तथा शाला परिवार में खुशी की लहर है। संस्था के अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल, सचिव सीए रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, सदस्य सूरज बुद्धदेव, पीयूष पटेल एवं अन्य सदस्यगण, प्राचार्य सुषमा शुक्ला, उप आचार्य अर्पणा श्रीवास्तव एवं शिक्षकों ने सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई दी।

### निर्मल को दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** स्व. निर्मल शर्मा का देहांत 17 मई 2026 को हो गया। पांच तत्वों से बना शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उक्त जानकारी देते पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के शहर प्रमुख निकुंज सिंघल ने बताया कि स्व. निर्मल श्री श्याम कुटी परिवार के प्रमुख थे। वे राजनांदगांव नगर की पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के जिला संयोजक मयंक कृष्णा शर्मा के पिताजी थे। शोकसभा आयोजित कर स्व. शर्मा को श्रद्धांजलि देने निकुंज सिंघल, सौरभ खंडेलवाल, सूरज गुप्ता, विनय साहू, अनूप तिवारी, राजकुमार चौरसिया, मौसमी शर्मा, ममता शर्मा एवं अन्य शामिल थे।

## भाजपा के जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का उपमुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

# कार्यकर्ता बनें समाज में मार्गदर्शक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बाफना भवन मे आयोजित भाजपा के दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने शुभारंभ किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का शुभारंभ करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, जिसमे शामिल प्रत्येक कार्यकर्ता का प्रशिक्षित सक्षम और जागयक होना अत्यावश्यक है।

उन्होने कहा कि भाजपा की पहचान उसकी विचारधारा और कार्यकर्ताओ की सक्रियता से होती है इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन की नीतियो, पार्टी के सिद्धांतो और सरकार की जनहितकारी योजनाओ की पूरी जानकारी होनी चाहिए। उन्होने कहा कि देश मे जब भी कोई महत्वपूर्ण विषय सामने आता है तो आम पब्लिक भाजपा कार्यकर्ता से उस विषय की जानकारी लेना चाहती है। इस स्थिति मे कार्यकर्ताओ की जिम्मेदारी है कि वो हर विषय की जानकारी रखेऔर विचारधारा को पूरी मजबूती व ईमानदारी से जनता तक पहुँचाएँ। उपमुख्यमंत्री ने जम्मू काश्मीर से धारा 370 हटाने, अयोध्या मे रामलला मंदिर निर्माण और अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुँचाने जैसे पार्टी के कामो का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार जनकल्याण को लेकर पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है।



### दो सौ से ज्यादा योजना चला रही सरकार

कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए अरूण साव ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार दो सौ से ज्यादा जनहितकारी योजनाओ का संचालन कर रही है, जिनमें आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से करोड़ों गरीबों को लाभ मिला है और सामाजिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य में सरकार बनते ही किसानों को दो साल का बकाया बोनस दिया गया और महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को हर माह एक हजार रुपए हर महीने देकर जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं।

### स्वाधीनता से अब तक पार्टी यात्रा की दी जानकारी

प्रशिक्षण महाअभियान के द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता दुर्ग संभाग प्रभारी व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रहीव प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही ने भाजपा के इतिहास और विकास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने स्वतंत्रता काल से लेकर वर्तमान तक संगठन की यात्रा, विचारधारा और विस्तार की जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा का मूल उद्देश्य राष्ट्रहित और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। इस दौरान जिला भाजपाध्यक्ष बिशेसर साहू, जिला महामंत्री नवनीत जैन, शशांक ताम्रकार, आयश सिंह बोनी, अनिल अग्रवाल, वीरेंद्र जैन, श्यामपाल ताम्रकार, टीके चंदेल, आनंद सिन्हा, चंदन गोस्वामी, गिरजा चंद्राकर, उमा चौबे, नीलिमा गोस्वामी, देवीन बाई कोठले, विनय देवांगन, आलोक श्रीवास, दिनेश वर्मा, राजकुमार जंघेल, खम्हन ताम्रकार, ललित चोपड़ा, जैनेन्द्र जंघेल, ललित सोनी, शत्रुघ्न साहू, गोरेलाल वर्मा, वंदना तांडेकर, डोरेलाल साहू, श्यामसुंदर साहू, पन्ना मंडावी, दीना जंघेल, संदीप वैष्णव, नीलम राजपूत, किरण गुप्ता, जयप्रकाश साहू, प्रकाश सिंह, डॉ चंदू वर्मा, अवध वर्मा, जंत्री साहू, अनुज देवांगन सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बाइक में आगजनी युवक गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** घर के सामने खड़ी एक बाइक को पेट्रोल डालकर आग के हवाले करने के मामले की जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा थाना में उपस्थित होकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया कि 21 मई की रात्रि करीब 10 बजे घर के सामने खड़ी बाइक बॉक्सर में मोहल्ले के ही अन्ना नामक युवक द्वारा पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। घटना के दौरान आवाज लगाने पर आरोपी मौके से भाग गया। तत्काल आग पर काबू पाया गया, किन्तु मोटर साइकिल पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 326, 324 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना प्रभारी एमन साहू के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपी अन्ना सिंह मरकाम 19 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार किए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# जंगल में कटाई का मामला गरमाया

- आदिवासी ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

ग्राम पंचायत भूजारी के आश्रित ग्राम खम्हारडीह जंगल में कथित रूप से बड़े पैमाने पर हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। जंगल उजड़ने से नाराज आदिवासी ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर, मुख्यमंत्री, वनमंत्री एवं संभाग आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि करीब 116 एकड़ क्षेत्र में जेसीबी मशीन और लकड़ी काटने वाली मशीनों की सहायता से हजारों पेड़ों की कटाई की गई। उनका



कहना है कि साजा, बीजा, तिनसा और बांस आदि के पेड़ों को जड़ सहित उखाड़ दिया गया है जिससे पर्यावरणीय संतुलन पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पहाड़ी क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से बड़े पैमाने पर जंगल साफ किए जाने की खबर सामने आई थी।

### जांच दल का गठन

बेजा कटाई की जानकारी मिलते ही मीडिया ने मौके पर पहुंचकर मामले को उजागर किया। खबर सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आया और जांच के लिए राजस्व एवं वन विभाग की संयुक्त टीम का गठन किया। इस मामले को लेकर आदिवासी ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिना वैधानिक अनुमति के जंगल क्षेत्र में अंधाधुंध कटाई की गई है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कथित जमीन मालिक, लकड़ी ठेकेदार, कटाई में शामिल लोगों तथा जेसीबी मशीन संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### वन सुरक्षा की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से जंगल और पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। फिलहाल प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुटा हुआ है। अब देखना होगा कि जांच के बाद अवैध कटाई के आरोप में किन लोगों पर कार्रवाई होती है और जंगलों को बचाने के लिए प्रशासन क्या कदम उठाता है? प्रशासन को ज्ञापन सौंपने के दौरान सरपंच देवलसिंह धुर्वे, पूर्व सरपंच राजाराम मरकाम, लखन लाल, पूरन पोर्ते, सीताराम, विश्राम, नारद व अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# तेंदूपत्ता से भरी ट्रक में लगी आग

## गांव के घरों को बचाने जलती ट्रक लेकर बाहर निकाला ड्राइवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला विकासखंड के मटेवा समिति अंतर्गत अडमागोदी फड़ से तेंदूपत्ता लोड कर डोंगरगांव संघ गोदाम के लिए निकली ट्रक बिजली तार के शॉर्ट-सर्किट से निकले चिंगारी के कारण आग के हवाले हो गई। इस हादसे में 10 लाख रुपए का तेंदूपत्ता और ट्रक जलकर खाक हो गया है।

उल्लेखनीय है कि आज शाम 4 से 5 बजे के बीच तेंदूपत्ता ठेकेदार राजनांदगांव निवासी योगेश कोटक की मटेवा समिति के अडमागोंदी फड से 10 लाख मूल्य का तेंदूपत्ता लोड कर ट्रक डोंगरगांव संघ गोदाम के लिए निकली हुई थी। केसला गांव के बिजली तार में अचानक हवा के चलते शॉर्ट-सर्किट से नीचे गुजर रही तेंदूपत्ता से भरी ट्रक के ऊपर चिंगारी से आग पकड़ ली। इस हादसे के बाद केसला गांव में अफरा-तफरी मच गई।



### ड्राइवर के प्रयास से टली बड़ी घटना

बताया गया कि केसला गांव में हवा के बीच बिजली तार के आपस में टकराने से चिंगारी नीचे सड़क पर चल रहे तेंदूपत्ता गाड़ी में समा गया और देखते ही देखते ट्रक में भीषण आग लग गई। सड़क किनारे के कई घरों में इस हादसे से आग लगने की संभावना थी। ड्राइवर ने जलती ट्रक को गांव से बाहर निकाला, तब तक तेंदूपत्ता और ट्रक जलकर खाक हो गई।

### 10 लाख का तेंदूपत्ता स्वाहा

राजनांदगांव निवासी तेंदूपता ठेकेदार योगेश कोटक ने हरिभूमि को जानकारी देते बताया कि मालवाहक में 10 लाख रुपए मूल्य का तेंदूपत्ता लोड था, जो डोंगरगांव गोदाम के लिए निकला हुआ था, जो आग के हवाले हो गया।

### नहीं मिल पाया फायर ब्रिगेड

ग्रामीण और फॉरेस्ट कर्मचारी किसी तरह आग पर काबू पाने मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में तैनात सरकारी फायर ब्रिगेड को बचाव कार्य के लिए फोन घनघनाते रहे, परंतु फायर ब्रिगेड उपलब्ध नहीं हो पाई। बताया गया कि नई फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बिगड़ी हालत में कबाड़ में तब्दील हो रही है और आगजनी की घटना रोकने कोई विकल्प नहीं है।

# अवैध रूप से शराब परिवहन 85 पौवा बरामद, दो गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से बाइक में शराब परिवहन किए जाने के मामले में सोमनी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 85 पौवा देशी शराब बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार नशे एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे सतत अभियान कार्रवाई के तहत थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव के नेतृत्व में थाना सोमनी पुलिस टीम द्वारा ग्राम सोमनी सांकरा मोड के पास आरोपी नितेश पाटीला 24 साल व राकेश टोंडे 25 साल दोनों निवासी ग्राम ककरेल से 85 पौवा देशी शोले शराब कीमती 6800 रुपए एवं परिवहन में प्रयुक्त एक काला-नीले रंग का मोटर साइकिल पैसन प्रो को जब्त कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

**शराब सेवन की सुविधा उपलब्ध कराया**

इसी तरह ग्राम टेडेसरा संगम कॉलोनी में अपने दुकान में शराब सेवन करने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले आरोपी रामसाय साहू 40 साल निवासी संगम कॉलोनी के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36(सी) के तहत कार्रवाई किया गया है।

# घुमका में अध्यक्ष सहित 13 सीटों पर 'आप' के प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर पंचायत चुनाव को लेकर घुमका नगर पंचायत में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। इसी बीच आम आदमी पार्टी ने अध्यक्ष प्रत्याशी सहित अपने सभी 13 प्रत्याशियों की जीत का दावा करते चुनावी मैदान में पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा, दुर्ग लोकसभा अध्यक्ष गीतेश्वरी बघेल, जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोनी, लोकसभा उपाध्यक्ष शिवा रायुडु, जिला अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ रूपेंद्र चंद्राकार व परमेश्वर साहू लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर मतदाताओं से मुलाकात कर रहे हैं और आम जनता से पार्टी के पक्ष में समर्थन मांग रहे हैं।

संजीत विश्वकर्मा का कहना है कि घुमका की जनता अब भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के कथनी और करनी के अंतर को अच्छी तरह समझ चुकी है। वर्षों से क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को लेकर जनता परेशान रही है, लेकिन दोनों प्रमुख दलों ने केवल वादे



किए, जमीनी स्तर पर अपेक्षित काम नहीं हुआ। ऐसे में इस बार लोग बदलाव के मूड में दिखाई दे रहे हैं और आम आदमी पार्टी को मजबूत विकल्प के रूप में देख रहे हैं।

आदमी पार्टी लगातार जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष कर रही है। चाहे पानी, सड़क, सफाई, बिजली या अन्य जनसुविधाओं का मुद्दा हो, पार्टी ने हर विषय पर आवाज उठाई है। इसी का परिणाम है कि जनता का भरोसा तेजी से आम आदमी पार्टी की ओर बढ़ रहा है।

### बदलाव की लहर

उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी प्रत्याशी जमीनी स्तर पर सक्रिय हैं और वार्ड-वार्ड जाकर लोगों से सीधा संवाद कर रहे हैं। जनता का अपार समर्थन और आशीर्वाद पार्टी को मिल रहा है। जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि इस बार घुमका नगर पंचायत में आम आदमी पार्टी अध्यक्ष पद सहित सभी 13 सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। चुनाव को लेकर घुमका में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं में भी भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और विकास के एजेंडे को जनता तक पहुंचाने में जुटे हुए हैं। पार्टी नेताओं का कहना है कि इस बार घुमका नगर पंचायत में बदलाव की लहर चल रही है और जनता ईमानदार एवं विकासशील राजनीति को समर्थन देने के लिए तैयार है।

# प्रशासनिक उदासीनता की भेंट चढ़ा गौठान निर्माण

## राशि स्वीकृत होने के बाद कई महीनों से बंद पड़ा है काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम सोमनी में अनेक वर्षों से मवेशियों के लिए गौठान की व्यवस्था नहीं है। वर्षा ऋतु में मवेशियों को रखने में काफी असुविधा होती है। मुक्तिधाम में जानवरों को बंद कर दिया जाता है। जिससे ग्रामीणों में असंतोष है।

मिली जानकारी के अनुसार बीते छह माह पहले पूर्व सांसद अभिषेक सिंह का ग्राम सोमनी आगमन हुआ था। ग्रामीणों ने ग्राम की प्रमुख समस्या गौठान की ओर ध्यान आकृष्ट करवाते बताया कि मवेशियों को मुक्तिधाम में रखा जा रहा है। पूर्व पंचायत द्वारा गौठान निर्माण का कार्य करवाया जा रहा था। तार से फेंसिंग भी की गई थी, दूसरे दिन ग्राम के एक व्यक्ति ने सागौन के पौधे लगा दिए, उसी स्थान पर जिससे गौठान का कार्य अधूरा है। पूर्व सांसद श्री सिंह ने ग्रामीणों की बात को गंभीरता से सुनने के उपरांत तत्काल कलेक्टर को निर्देश दिया कि पौधों को अन्यत्र शिफ्ट कर जल्द ही गौठान का कार्य प्रारंभ करवाएं। ग्रामवासियों को कोई परेशानी न हो और मवेशियों के लिए चारे-



पानी की व्यवस्था भी करवाई जाए। जिला प्रशासन ने तत्काल वन विभाग व अन्य अधिकारियों को ग्राम सोमनी भेजकर सागौन के छोटे-छोटे पौधे जमीन पर कब्जा करने की नीयत से लगाए गए थे, को तत्काल उखाड़कर ले गए।

मैदान का कार्य आरंभ हो गया था। ग्रामीणों ने मुक्तिधाम में रखे मवेशियों को उक्त स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया था। उस वक्त जनपद पंचायत सीईओ मनीष साहू ने मौके पर पहुंचकर स्थल निरीक्षण कर मवेशियों के लिए चारा-पानी की व्यवस्था करवाई थी। साथ ही गौठान का कार्य आरंभ हो गया था। ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया। निर्माण हेतु राशि स्वीकृत हो चुकी है। निर्माण कार्य आरंभ करवाया गया था, लेकिन नींव लेवल तक ही कार्य हुआ था। ठेकेदार को प्रथम किस्त की राशि पंचायत को देना था, लेकिन डिजिटल सिग्नेचर के नाम पर एक माह से अधिक समय तक चेक देने के नाम घुमाने के कारण गौठान कार्य बंद पड़ा है।

### मांग की गई

जिला प्रशासन द्वारा भी कार्य आरंभ कराने कोई निर्देश नहीं दिया गया और न ही कोई कार्रवाई की गई। गौठान निर्माण कार्य आरंभ नहीं होने से ग्रामीणों में काफी असंतोष है। सुशासन दिवस के दौरान भी पत्र के माध्यम से निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ कराने की मांग की गई है।

# जनहित के मुद्दों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घेरा आईजी दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कानून व्यवस्था सहित जनहित से जुड़े कई मुद्दों को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार को आईजी ऑफिस पहुंचकर पुलिस महानिरीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान कांग्रेस पार्टी द्वारा जिले की कानून व्यवस्था चरमराने की बात कही गई। शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता कड़ी धूप में आईजी कार्यालय पहुंचे और यहां कानून व्यवस्था सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर आईजी को ज्ञापन सौंपा।



### यातायात दुरूस्त करने ज्ञापन

ज्ञापन में कांग्रेस द्वारा अवैध शराब बिक्री, शहर की यातायात व्यवस्था, हत्या, बढ़ती चोरियों के मामले सहित अन्य मुद्दों पर जल्द से जल्द कानून व्यवस्था दुरूस्त करने, आपराधिक घटनाओं को रोकने पर्याप्त सुरक्षा बंदोबस्त करने, शहर में पेट्रोलिंग और चौक-चौराहों पर जवानों की तैनाती करने मांग की है। कानून व्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौंपने के अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्रीकिशन खंडेलवाल, रुपेश दुबे, झम्मन देवांगन, मेहुल मारू, अशोक पंजवानी, मोहम्मद इब्राहिम, सूर्यकांत जैन, ऋषि शास्त्री, अभिमन्यु मिश्रा, विशु अजमानी, चेतन भानुशाली, अमर झा, संदीप सोनी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### ऑडियो जांच करने मांग

शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि पिछले दिनों एक आडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है, जो तथाकथित तौर पर मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान के दुरूपयोग से जुड़ा हुआ है। इस ऑडियों में किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान की बड़ी रकम स्वीकृत करवाकर उसे हितग्राही से वसूलने और किसी अन्य को उन्होंने इस पर मांग करते कहा कि इस आडियो की समुचित जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए।


प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना
सस्ती नहीं
मुफ्त बिजली
की ओर बढ़ता
छत्तीसगढ़
छ.ग. में ऑन-ग्रिड सिस्टम स्थापना की
प्रारंभिक कंपनियों में से एक
सरकार द्वारा 108000 अनुदान राशि
सुपर प्रीमियम क्वालिटी
क्या आपका सोलर स्ट्रक्चर 25 साल चलेगा...!
आईये हम देते हैं 25 साल चलने वाला सोलर स्ट्रक्चर
खूबियाँ :-
उच्च दक्षता वाला पैनल एवं इन्वर्टर
4-5 एमएम मोटाई वाला एमएस हॉट डीप स्ट्रक्चर
एसी-डीसी कॉपर केबलिंग प्रीमियम क्वालिटी ब्राण्ड के साथ
उच्च गुणवत्ता वाले एचएमएस पीवीसी पाइप एवं एसएस नट-बोल्ट
5 साल की इंश्योरेंस पॉलिसी सुविधा उपलब्ध
सोलर में 5% की अतिरिक्त छूट*
*ऑफर 31 मई तक लागू
adani Solar
HAVELLS
WAAREE
LUMINOUS SOLAR
TATA POWER SOLAROOF
RAREBOX SOLAR
Opp. SBI ATM, Ashwani Nagar, Raipur (C.G.) 9630131550, 9039015615
ATUL PUBLICITY

### सिल्हाटी में राशन घोटाला उजागर, जांच और कार्रवाई की मांग

# छात्रावास के 57 कट्टा चांवल में 50 कट्टा निजी दुकान में उतारने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सहसपुर लोहारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सिल्हाटी में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत बड़ा राशन घोटाला सामने आया है। उचित मूल्य दुकान से छात्रावास के लिए भेजे गए 57 कट्टा चांवल में से केवल 7 कट्टा छात्रावास में खाली किए जाने और शेष 50 कट्टा चांवल निजी दुकान में उतारने का गंभीर आरोप लगा है।

मिली जानकारी के अनुसार उचित मूल्य दुकान से चांवल धनेश पटेल के पिकअप वाहन में लोडकर छात्रावास के लिए रवाना किया गया था। आरोप है कि छात्रावास पहुंचने के बाद सेल्समेन गिरीश सोनी द्वारा केवल 7 कट्टा चांवल ही उतरवाया गया। इसके बाद शेष चांवल को भिंभौरी में वितरण करने की बात कहकर वाहन को दूसरी ओर ले जाया गया, जहां कथित रूप से 50 कट्टा चांवल एक निजी दुकान में खाली करा दिया गया।

मामले का खुलासा वाहन चालक धनेश पटेल और हमाल परसराम पटेल के बयान के बाद हुआ। दोनों ने इसकी जानकारी ग्रामीणों और सरपंच अर्जुन साहू को दी, जिसके बाद गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों और सरपंच ने जिला खाद्य अधिकारी, एसडीएम सहसपुर लोहारा तथा थाना प्रभारी को लिखित शिकायत सौंपकर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की।






### जांच टीम पहुंचते ही उमड़ी ग्रामीणों की भीड़, कई शिकायतें दर्ज

मामले की गंभीरता को देखते हुए शनिवार को जिला सहायक खाद्य अधिकारी दलेश्वर साहू के नेतृत्व में जांच दल सिल्हाटी पहुंचा। जांच टीम के गांव पहुंचते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और पुरुष मौके पर एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने अपनी शिकायतें दर्ज कराते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की।

### गरीबों और बच्चों के राशन से खिलवाड़

ग्रामीणों का कहना है कि छात्रावास और गरीब हितग्राहियों के लिए आने वाले राशन को निजी उपयोग के लिए डायवर्ट करना गंभीर मामला है। इससे छात्रावास में रहने वाले बच्चों के भोजन पर सीधा असर पड़ता है। ग्रामीणों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि सख्त कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में भी ऐसी अनियमितताएं जारी रहेंगी।



# कोलेगांव में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा आयोजित

■ भक्त प्रह्लाद कथा व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

धर्म धराधाम ग्राम कोलेगांव में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा प्रवाहित हो रही है। वहीं कथा के चतुर्थ दिवस पं रजनीकांत शर्मा द्वारा भक्त प्रह्लाद एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का अत्यंत सुंदर एवं भावपूर्ण वर्णन किया गया।

पवित्र पुरुषोत्तम मास के अवसर पर आयोजित इस कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। कथा व्यास पं रजनीकांत शर्मा ने भक्त प्रह्लाद की कथा सुनाते हुए बताया कि प्रह्लाद असुरराज हिरण्यकश्यप और माता कयाधु के पुत्र थे।

हिरण्यकश्यप ने कठोर तपस्या कर वरदान प्राप्त किया था और स्वयं को भगवान मानने लगा था, लेकिन बालक प्रह्लाद बचपन से ही भगवान विष्णु के परम भक्त थे। पिता द्वारा अनेक यातनाएं देने और भक्ति से विमुख करने के प्रयासों के बावजूद प्रह्लाद ने भगवान का स्मरण नहीं छोड़ा।

उन्होंने बताया कि हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका, जिसे अग्नि से न जलने का वरदान प्राप्त था, की गोद में प्रह्लाद को बैठाकर जलाने का प्रयास किया, किंतु भगवान विष्णु की कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित बच गए और होलिका अग्नि में भस्म हो गई। कथा के दौरान नरसिंह अवतार का प्रसंग सुनाते हुए कहा गया कि जब हिरण्यकश्यप ने क्रोध में आकर खंभे पर प्रहार किया और प्रह्लाद से पूछा कि उनका भगवान कहाँ है, तब भगवान विष्णु नरसिंह अवतार में प्रकट हुए। उन्होंने संध्या बेला में द्वार पर हिरण्यकश्यप का वध कर अपने भक्त की रक्षा की। इसके पश्चात श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

कथा में बताया गया कि मथुरा के अत्याचारी राजा कंस को आकाशवाणी से यह ज्ञात हुआ था कि उसकी बहन देवकी का आठवां पुत्र उसका वध करेगा। इसी भय से उसने देवकी और वासुदेव को कारागार में बंद कर दिया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के बाद वासुदेव जी आधी रात को तूफानी यमुना नदी पार कर बालक कृष्ण को गोकुल में नंद बाबा और यशोदा माता के यहां सुरक्षित पहुंचाकर आए।

### कथा श्रवणपान करने पहुंच रहे भक्तजन

श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया। कथा व्यास ने कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए अवतार लेते हैं। वहीं प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक आयोजित इस संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा में ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।जिसमें श्रीमती अतुल राजीव शर्मा, रामाधार शर्मा, तोमन शर्मा, राकेश शर्मा, पवन शर्मा, दिनेश पाण्डेय, सतीश पांडेय, रामकुमार शर्मा, शत्रुहन गिरी गोस्वामी, मलिकसिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### सेवा कार्यों से बनाई अलग पहचान



**कोलेगांव।** ग्राम जैतपुरी-दामापुर के अश्वनी यदु अपने सेवा कार्यों से कवर्धा जिले का नाम रौशन कर रहे हैं। छोटे से गांव से निकलकर उन्होंने समाज सेवा के क्षेत्र में अलग पहचान व सराहनीय पहल है। वे एम्बुलेंस सेवा और शव वाहन सेवा का संचालन कर जरूरतमंद लोगों की मदद कर रहे हैं। अब यह सेवा केवल कवर्धा जिले तक सीमित नहीं रही, बल्कि पड़ोसी जिले बेमेतरा और मुंगेली तक भी पहुंच रही है। बेमेतरा जिले के छिरहा, कठौतिया, नवागढ़, बिरमपुर और झेलीयापुर सहित कई गांवों में दुख की घड़ी में शव वाहन उपलब्ध कराकर उन्होंने मानवता की मिसाल पेश की है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे कठिन समय में समय पर शव वाहन मिलना बड़ी राहत देता है। कई जगह शव वाहन की कमी और निजी वाहन देने में लोगों की हिचकिचाहट के कारण परिवारों को परेशानी होती है, लेकिन अश्वनी यदु तुरंत सहायता पहुंचाते हैं। इसके अलावा वे मां भारतीय पुलिस अभ्यर्थी ट्रेनिंग सेंटर एवं महिला कराटे क्लास के माध्यम से युवाओं और महिलाओं को आगे बढ़ाने का कार्य भी कर रहे हैं। क्षेत्र में उनके निःस्वार्थ सेवा कार्यों की सराहना हो रही है।

# सुशासन तिहार में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सुनी आमजन की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सुशासन तिहार के तहत कलेक्टर गोपाल वर्मा ने नगर पंचायत इंदौरी में पहुंचकर शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में पहुंचे आम नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और मांगें सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का संज्ञान लेते हुए त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और वहां उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी ली।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण, दवा वितरण तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। साथ ही आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हेल्थ कार्ड निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए पात्र हितग्राहियों के शत-प्रतिशत कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने वय वंदन योजना के तहत भी लक्षित हितग्राहियों तक योजना का लाभ पहुंचाने और सभी पात्र नागरिकों के कार्ड निर्माण में तेजी लाने को कहा। कलेक्टर ने अन्य विभागीय स्टॉलों में पहुंचकर अधिकारियों से पूछा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक किस प्रकार पहुंचाई जा रही है।

# सर्व यादव समाज की नई जिला कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सर्व यादव समाज जिला कवर्धा में नई कार्यकारिणी का गठन कर जिला स्तर पर पदाधिकारियों की घोषणा की गई है। समाज के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ओम यदु के नेतृत्व में गठित टीम में समाज के सभी वर्गों और घटकों को प्रतिनिधित्व दिया गया है।

पदाधिकारियों के चयन से पहले समाज प्रमुखों और वरिष्ठजनों से चर्चा कर सहमति बनाई गई, जिसके बाद नई टीम तैयार की गई। इनमें कुछ वर्ग के प्रतिनिधि नहीं आए, जिनसे फोन से संपर्क कर सहमति ली गई। जिसके अनुसार धनीराम यादव और रमेश यादव को कार्यवाहक अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर कजलाल यादव, शत्रुहन यादव, प्रकाश यादव, गोपाल यादव और बरन यादव को नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष पद पर संतोष यादव, हीरामणि ग्वाला, जगेलाल यादव, संजय यादव और पालेश यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसी तरह महासचिव पद पर रोहित यादव और अजय यादव, महामंत्री पद पर कमलेश यादव और कोमल यादव को नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सियाराम यादव, अतुल बरगाह, लक्ष्मण यादव, अजय यादव, रामावतार यादव, नेमसिंह यादव, बिद्दल यादव, राजकुमार यादव, राकेश यादव, प्रकाश यादव, चिंता यादव, गीताराम यादव, फिरता यादव, बंटी यादव और बलदेव यादव को शामिल किया गया। समाज पदाधिकारियों ने बताया कि जल्द ही युवा यादव समाज और महिला प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का भी गठन किया जाएगा।

### मीडिया प्रभारी संजय यादव बनाए गए

सचिव के रूप में कनश यादव, सह-सचिव के रूप में जलेश्वर यादव को जिम्मेदारी दी गई है। कोषाध्यक्ष पवन यादव और सह-कोषाध्यक्ष आशीष यादव बनाए गए हैं। संगठन मंत्री के रूप में अधन यादव, प्रचार-प्रसार मंत्री के रूप में अजय यादव, मीडिया प्रभारी के रूप में संजय यादव को जिम्मेदारी दी गई है। मंत्री पद पर सूरज यादव और महेश यादव को शामिल किया गया है।

# तीन दिवसीय प्रारंभिक वर्ग प्रशिक्षण सम्पन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ खंड पंडरिया के तत्वाधान में दामापुर में तीन दिवसीय प्रारम्भिक वर्ग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसका समापन आज सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में 14 वर्ष से लेकर 50 वर्ष तक के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस प्रशिक्षण में कामठी, महली, बहबलिया, डोंगरिया खुर्द, भगतपुर, सैहामालगी, लखनपुर, खैरझिटी, डोमनपुर एवं पटुवा सहित विभिन्न ग्रामों के युवाओं ने सहभागिता की। समापन अवसर पर दामापुर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, वरिष्ठजन एवं अतिथि भोज में शामिल हुए। प्रशिक्षित युवाओं द्वारा सात्विक भोजन परोसा गया। इस दौरान युवाओं को अतिथियों का सम्मानपूर्वक स्वागत, भोजन परोसने की विधि, अभिवादन तथा सेवा भाव की बारीकियों का प्रशिक्षण भी दिया गया।

अतिथियों ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण की सराहना करते हुए कहा कि संघ समाज में देशभक्ति, सेवा, अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण, आपदा सेवा और मानवता का भाव जागृत करने का कार्य कर रहा है। ग्रामवासियों ने भी संघ के कार्यों को राष्ट्रहित में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजक समिति ने अतिथियों, शिक्षकों, पंडरिया खंड एवं कुंडा उपखंड से आए संघ कार्यकर्ताओं, ग्रामवासियों तथा सभी दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया

तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को देश प्रथम की भावना के साथ जीवन जीने की प्रेरणा दी गई। जिले भर से आए शिक्षकों ने विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन देते हुए जात-पात से ऊपर उठकर मानवता का भाव अपनाने की शिक्षा दी। प्रशिक्षण में बताया गया कि भारत में रहने वाला प्रत्येक भारतीय हमारा सहोदर है और इसी भावना के साथ समाज में कार्य करना चाहिए। साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई तथा अपने जीवन में प्लास्टिक का उपयोग न्यूनतम करने और प्रत्येक वर्ष कम से कम चार पौधे लगाने का संकल्प दिलाया गया, प्रशिक्षण में छोटे बच्चों ने भी भाग लिया। उन्हें नशे से दूर रहने, अनुशासन अपनाने तथा खेल-कूद और व्यायाम को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# कलेक्टर ने निर्माणाधीन नालंदा लाइब्रेरी परिसर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से कवर्धा शहर में युवाओं एवं अध्ययनशील नागरिकों की बहुप्रतीक्षित नालंदा लाइब्रेरी का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। लगभग 4 करोड़ 37 लाख रुपए की लागत से निर्माण हो रहे नालंदा लाइब्रेरी का शनिवार को कलेक्टर गोपाल वर्मा ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी भी साथ रहे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा ने निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ तेज गति से पूर्ण किया जाए। उन्होंने परिसर में निर्माणाधीन भवनों के स्लैब ढलाई का कार्य आगामी जुलाई माह तक पूरा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि नालंदा लाइब्रेरी का निर्माण जल्द से जल्द पूर्ण कर विद्यार्थियों और छात्रों को इसका लाभ मिल सके। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि नालंदा लाइब्रेरी नगर के युवाओं, विद्यार्थियों एवं अध्ययनशील नागरिकों के लिए नई संभावनाओं का द्वार खोलेगी। यह केवल एक लाइब्रेरी नहीं बल्कि ज्ञान, अध्ययन और प्रतियोगी शिक्षा का आधुनिक केंद्र बनेगी, जहां युवा बेहतर वातावरण में अध्ययन कर अपने भविष्य को नई दिशा दे सकेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के नेतृत्व में शहर को सुंदर, सुव्यवस्थित एवं विकसित बनाने की दिशा में लगातार अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं।



### नालंदा लाइब्रेरी युवाओं के शैक्षणिक विकास होगा

नालंदा लाइब्रेरी का निर्माण लगभग डेढ़ एकड़ शासकीय भूमि पर किया जा रहा है। यह अत्याधुनिक तीन मंजिला भवन होगा, जिसमें 200 सीटर वातानुकूलित अध्ययन हॉल तैयार किया जाएगा। यहां राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को निःशुल्क अध्ययन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। लाइब्रेरी में आधुनिक अध्ययन संसाधन एवं शांत वातावरण उपलब्ध रहेगा, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर तैयारी में सहायता मिलेगी। नालंदा लाइब्रेरी कवर्धा सहित पूरे जिले के लिए ज्ञान, अध्ययन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का प्रमुख केन्द्र बनेगी तथा युवाओं के शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

# केसीसी के लिए भटक रहे ग्रामीण किसान




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बैंक ऑफ बड़ौदा की बिरकोना शाखा पर बुजुर्ग और दिव्यांग किसान का किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) बनाने में लापरवाही और मानसिक प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित किसान ने कलेक्टर से शिकायत कर कार्रवाई और न्याय की मांग की है। ग्राम खपरी निवासी दिनेश चन्द्रवंशी ने बताया कि उनके बड़े भाई नन्दकुमार चन्द्रवंशी (61 वर्ष) और उनके पुत्र नीरज चन्द्रवंशी, जो 72 प्रतिशत शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं, किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने 2 मार्च 2026 को बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा बिरकोना पहुंचे थे। पीड़ित के अनुसार शाखा प्रबंधक ममता डे ने सभी दस्तावेज पूरे करने पर 1.80 लाख रुपए तक के केसीसी स्वीकृत करने की बात कही थी। इसके बाद बैंक के निर्देशानुसार पैन कार्ड, खाता, जमीन संबंधी दस्तावेज, पटवारी रिपोर्ट सहित अन्य कागजात तैयार कर अप्रैल के पहले सप्ताह में जमा कर दिए गए।

आरोप है कि इसके बाद किसानों को लगातार कल आना, ऑडिट चल रहा है, क्लोजिंग माह है जैसे कारण बताकर करीब 20 बार बैंक बुलाया गया। अंततः 11 मई को मौखिक रूप से यह कहकर केसीसी देने से मना कर दिया गया कि बैंक 60 वर्ष से अधिक उम्र और दिव्यांग व्यक्तियों का केसीसी नहीं बनाती। पीड़ित किसान का कहना है कि यदि बैंक को नियमों के तहत आवेदन निरस्त करना था तो शुरुआत में ही स्पष्ट जानकारी दी जानी चाहिए थी।

### दस्तावेज व बैंक दौड़-भाग में 8200 रुपए खर्च

किसान परिवार का आरोप है कि बैंक के निर्देशों के अनुसार दस्तावेज तैयार कराने और अन्य प्रक्रियाओं में लगभग 8200 रुपए खर्च हो गए। इसके अलावा 20 से अधिक बार बैंक आने-जाने में समय, मजदूरी और खेती का नुकसान अलग हुआ। किसान ने बताया कि लगातार बैंक के चक्कर लगाने के कारण लगभग 20 दिनों तक खेती का काम प्रभावित रहा। साथ ही साथ पीड़ित परिवार ने बताया कि खरीफ फसल की बुआई का समय नजदीक है, लेकिन केसीसी स्वीकृत नहीं होने से अब उन्हें निजी साहूकारों से कर्ज लेने की मजबूरी बन रही है। किसान ने कलेक्टर से मांग की है कि या तो बैंक को केसीसी स्वीकृत करने का निर्देश दिया जाए या फिर हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई कराई जाए।

### सड़क के किनारे में खड़ी गाड़ियां बनीं परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

रविदास वार्ड में सड़क किनारे वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग से आवागमन में दिक्कत हो रही है। सड़क के दोनों ओर गाड़ियां खड़ी होने से रास्ता संकरा हो गया है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सौगात: साक्ष्य आधारित वैज्ञानिक जांच को मिलेगी नई गति

# अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन का किया गया हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश में आधुनिक पुलिसिंग एवं वैज्ञानिक अनुसंधान व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कबीरधाम जिले को अत्याधुनिक सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट अंतर्गत मोबाइल फॉरेंसिक वैन की सौगात मिली है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से उपलब्ध कराई गई इस मोबाइल फॉरेंसिक वैन का शुभारंभ आज क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला परिसर, जनपद कॉम्पलेक्स, कवर्धा में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण के सदस्य भगत पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी तथा पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन, गृह (पुलिस) विभाग द्वारा प्रदत्त यह अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वाहन अपराध अनुसंधान की प्रक्रिया में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह वैन घटनास्थल पर वैज्ञानिक जांच, भौतिक साक्ष्य संग्रहण एवं त्वरित परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराएगी, जिससे अपराधों की जांच अधिक प्रभावी, पारदर्शी और सटीक होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत करने तथा वैज्ञानिक जांच प्रणाली को आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इसी सोच का परिणाम है कि कबीरधाम जिले को यह हाईटेक मोबाइल फॉरेंसिक वैन प्राप्त हुई है। कार्यक्रम को पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण के सदस्य भगत पटेल, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया।



### न्यायिक प्रक्रिया होगी और अधिक मजबूत

वक्ताओं ने कहा कि इस अत्याधुनिक वैन के माध्यम से घटनास्थल पर ही फिंगरप्रिंट, डिजिटल एवं भौतिक साक्ष्यों का प्राथमिक परीक्षण और संग्रहण किया जा सकेगा। इससे जांच प्रक्रिया में लगने वाले समय में कमी आएगी तथा अपराधों के त्वरित निराकरण में सहायता मिलेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि वैज्ञानिक अनुसंधान पर आधारित जांच व्यवस्था न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाएगी। इस अवसर पर श्रीमती सतविंदर पाहुजा, उमंग पांडेय, पार्षद अजय ठाकुर, योगेश चन्द्रवंशी, शानू साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, अमित पटेल, डीएसपी संजय ध्रुव, श्रीमती अंजू कुमारी, कृष्णा चंद्राकर, आशीष शुक्ला, संयुक्त संचालक आरडी अहिरवार सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### मोबाइल फॉरेंसिक वैन जिले की पुलिसिंग व्यवस्था के लिए बड़ी उपलब्धि

संयुक्त संचालक आरडी अहिरवार ने बताया कि मोबाइल फॉरेंसिक वैन जिले की पुलिसिंग व्यवस्था के लिए बड़ी उपलब्धि है। इससे अपराध अनुसंधान में तकनीकी दक्षता बढ़ेगी और पुलिस टीम घटनास्थल पर अधिक प्रभावी तरीके से कार्य कर सकेगी। उन्होंने बताया कि यह यूनिट आधुनिक उपकरणों एवं वैज्ञानिक संसाधनों से सुसज्जित है, जिससे गंभीर एवं जटिल मामलों की जांच में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।

# दो दिनों से गायब युवक का क्रेसर प्लांट में मिला शव



■ दुर्घटना, आत्महत्या या फिर हत्या, पुलिस कर रही है हर एंगल से जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ स. लोहारा

बीते दो दिनो से लापता जिले के विकासखण्ड स. लोहारा अंतर्गत ग्राम गौरमाटी निवासी एक 25 वर्षीय युवक का शव लोहारा के ही एक क्रेसर प्लांट में मिला है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके से मृतक का शव और उसकी क्षतिग्रस्त मोटर सायकल बरामद की है। प्रथम दृष्टया पुलिस इसे हादसा या फिर आत्महत्या मान रही है। लेकिन मौत की स्पष्ट वजह जांच के बाद ही सामने आ पाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड स. लोहारा अंतर्गत ग्राम गौरमाटी निवासी दीपक तिवारी पिता रेवती रमन तिवारी आयु लगभग 25 वर्ष हाल मुकाम शांति नगर लोहारा बीते दो दिन पूर्व अपने घर से अपनी मोटर सायकल लेकर निकला था और वापस घर नहीं लौटा। बताया जाता है कि दीपक के परिजनो ने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश भी की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिली वहीं उसकी गुमसुदगी की सूचना पुलिस को भी दी गई।

इसी बीच लोहारा के क्रेसर प्लांट की करीब सौ फीट की गहरी खाई में कुछ लोगों ने एक युवक का शव और घटना स्थल पर क्षतिग्रस्त मोटर सायकल पड़ी देखी। जिसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर उसकी पहचान दीपक तिवारी पिता रेवती रमन तिवारी निवासी ग्राम गौरमाटी आयु लगभग 25 वर्ष हाल मुकाम शांति नगर लोहारा के रूप में की।

वहीं घटना की जानकारी मृतक के परिजनो को भी दी गई। पुलिस घटना स्थल की स्थिति परिस्थिति को देखकर फिलहाल इसे दुर्घटना अथवा आत्महत्या मान रही है। वहीं मामले की जांच की बात की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### राइस मिल में चोरी के पांच आरोपी गिरफ्तार

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के थाना कवर्धा क्षेत्र में स्थित हाडा एग्रो राईस मिल में हुई चांवल चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गया 30 कट्टा चांवल भी बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राईस मिल संचालक विक्की अग्रवाल ने थाना कवर्धा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम हरिनछपरा औद्योगिक नगर स्थित उनके राईस मिल में रखे चावल के ढेर में कमी दिखाई देने पर सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। फुटेज में 08-09 मई 2026 की रात करीब 2:48 बजे एक अज्ञात व्यक्ति कैमरा बंद करते और बाद में 3:35 बजे पुनः चालू करते दिखाई दिया। जांच में पता चला कि अज्ञात आरोपी रात के समय मिल परिसर में घुसकर लगभग 35 से 40 कट्टा चावल चोरी कर ले गए। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में थाना कवर्धा पुलिस ने तकनीकी जांच और पूछताछ के आधार पर आरोपियों की पहचान की। गिरफ्तार आरोपियों में बिसेन नेताम, हीरादास बंजारे, संजय चन्द्रवंशी, रवि धुर्वे और मोतीराम मरकाम शामिल हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

### आग लगने से पैरावट व खाद जलकर खाक

**पंडरिया।** पंडरिया नगर से लगे ग्राम मैनपुरा में शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे बबलू चन्द्राकर के पैरावट में अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आने से करीब 15 ट्रैक्टर से अधिक पैरा जलकर खाक हो गया। वहीं पास में रखा लगभग 8 ट्रॉली जैविक खाद से भरा घुरुवा भी पूरी तरह जल गया। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचा है, क्योंकि आगामी कृषि कार्यों के लिए इन जैविक खादों की जरूरत थी। घटना की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। हालांकि लगातार बिजली ट्रिपिंग के कारण पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो सकी। बिजली बंद होने से पंप चालू नहीं हो पाए। ग्रामीणों ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

### अंतरराष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस 31 मई को

**कवर्धा।** धूम्रपान और नशापान के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने 31 मई को अंतरराष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों, प्रतिष्ठित नागरिकों और भारतमाता वाहिनी के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। स्कूलों और महाविद्यालयों में कार्यक्रम होंगे।

# बैगा परिवार के घर में लगी भीषण आग, गृहस्थी का सामान जलकर राख, बाल-बाल बचा परिवार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भाकुर के आश्रित ग्राम कन बेदड़े में शनिवार दोपहर एक बैगा परिवार के घर में अचानक आग लगने से भारी नुकसान हो गया। आगजनी की इस घटना में घर में रखे कपड़े, अनाज एवं नगदी जलकर राख हो गए। हालांकि समय रहते परिवार के सदस्य घर से बाहर निकल गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार ग्राम कन बेदड़े निवासी लालजु बैगा पिता हजारी के घर में शनिवार दोपहर अचानक आग भड़क उठी।

घटना के समय घर के भीतर उनकी पत्नी और बच्चे सो रहे थे। अचानक आग फैलने से घर में अफरा-तफरी मच गई। परिवार के सदस्यों ने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। पीड़ित लालजु बैगा ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि उसे बुझाने का मौका ही नहीं मिल सका। गांव में पानी की समस्या होने के कारण आग पर तत्काल काबू नहीं पाया जा सका।

वहीं भीषण गर्मी और तेज लपटों के चलते देखते ही देखते पूरा घर आग की चपेट में आ गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक घर में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था।

### ग्रामीणों के प्रयास नहीं आए काम

घटना के बाद ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक घर में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। आगजनी से परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना की सूचना कुकदूर थाना में दर्ज करा दी गई है। वहीं ग्रामीणों ने पीड़ित बैगा परिवार को शासन-प्रशासन की ओर से तत्काल आर्थिक सहायता एवं राहत सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की है।

## सहस्त्रदल से खिला सरोवर ...



**कवर्धा।** भीषण गर्मी में मन को मोह रहे अंचल के तालाबों में खिले कमल के फूल।

# मोतिमपुर बीट में जंगली सोन कुत्तों की संदिग्ध मौत, कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के जंगलों में लगातार हो रहे वन्यप्राणियों के शिकार थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। शिकारी कभी बंदरों को निशाना बना रहे हैं तो कभी बायसन का शिकार कर रहे हैं तो अब इसी कड़ी में वन्यप्राणी सोनकुत्तों के शिकार की खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि इन जंगली सोन कुत्तों को अज्ञात लोगों द्वारा जहर देकर मौत के घाट उतारा जा रहा है।




सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वन मंडल कवर्धा उप वन मंडल स.लोहरा अंतर्गत मैकल पर्वत श्रृंखला सुतियापाट के जंगल में बीते कुछ दिनों से जंगली सोनकुत्ते विचरण कर रहे थे। जिनके झुंड में इनकी संख्या 15 से 20 बताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक इन जंगली कुत्तों के झुंड द्वारा मोतिमपुर बीट में कुछ छोटे जंगली जानवर हिरण आदि का शिकार कर रहे थे। बीट में मृत अवस्था में पड़े इन शिकार हुए वन्य प्राणियों के शवों पर किसी ने जहर डालकर जंगली कुत्तों का ही मौत के घाट उतार दिया।

खबर के मुताबिक इस घटना की जानकारी क्षेत्र के वन्यप्राणी प्रमियों ने क्षेत्र के वन विभाग को भी दी है लेकिन वन विभाग द्वारा इस मामले को कितनी गंभीरता से लिया गया है और इस पर क्या कार्यवाही की गई है। फिलहाल इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

# गर्मी फुल, बिजली गुल, सुचारू रूप से नहीं मिल पा रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा का पारा इन दिनो 43 डिग्री पार कर चुका है और लोग भीषण गर्मी की मार झेल रहे हैं। उस पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी कवर्धा नगरवासियों को सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति करा पाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहा है।




विभाग के साथ शासन-प्रशासन के लाख दावों और बीते ढाई सालों में जिला मुख्यालय कवर्धा में विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के नाम पर करोड़ों रूपए की राशि खर्च करने के बाद भी मौजूदा स्थिति ये है कि कवर्धा नगर में हर घंटे, दो-चार घंटे में पॉवर कट हो रहा है। जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि विभाग द्वारा अभी कुछ दिन पूर्व ही कवर्धा प्रायः सभी ईलाकों में सुबह 9.00 बजे से लेकर दोपहर 1.00 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप कर सुधार कार्य किया गया था लेकिन आज इस सुधार कार्य का कोई औचित्य ही नजर नहीं आ रहा है।

बावजूद इसके लोगों को हर रोज कई-कई बार पॉवर कट और अघोषित बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब जिला मुख्यालय कवर्धा में विद्युत आपूर्ति का ऐसा रोना है तो जिले के वनांचल और ग्रामीण अंचलों का हाल क्या होगा।

कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने हाल ही में अपने कवर्धा प्रवास के दौरान नगर की विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त करने घोठिया में एक नवीन विद्युत सब स्टेशन निर्माण की नींव रखी है।

देखने वाली बात होगी कि क्या एक बार फिर करोड़ों खर्च करने के बाद नगर के उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से बिजली मिल पाएगी या फिर करोड़ों खर्च करने के बाद भी स्थिति जस के तस बनी रहेगी।

# पीडब्लूडी सचिव ने ली सड़क की सुध, जताई गहरी नाराजगी



■ निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग 130ए की ली गई सुध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा।

लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने शुक्रवार को निर्माणाधीन पोड़ी-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 130ए का स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं तकनीकी पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्य मार्ग के साथ बाईपास मार्ग का भी अवलोकन किया तथा अधिकारियों और निर्माण एजेंसी से कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। सचिव श्री बंसल ने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य निर्धारित मानकों एवं तय समय-सीमा के भीतर पूर्ण होना चाहिए।

जिन स्थानों पर सुधार की आवश्यकता है, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता नियंत्रण के सभी मापदंडों का कड़ाई से पालन किया जाए तथा प्रत्येक चरण में तकनीकी जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए और नियमित मॉनिटरिंग की जाए। संबंधित अधिकारी नियमित रूप से फील्ड में पहुंचकर निरीक्षण करें और गुणवत्ता परीक्षण सुनिश्चित करें। फील्ड निरीक्षण से पूर्व सचिव श्री बंसल ने सर्किट हाउस कवर्धा में लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग तथा सेतु निर्माण विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिसमें उन्होंने जिले में चल रहे भवन, सड़क एवं पुल निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं में लंबे समय से प्रगति नहीं हुई है अथवा कार्य प्रारंभ करने में अनावश्यक देरी हो रही है, उन मामलों में संबंधित एजेंसियों एवं जिम्मेदार पक्षों को नोटिस जारी किया जाए।

### सचिव ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

पीडब्लूडी सचिव मुकेश कुमार बंसल ने सख्त लहजे में कहा कि विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब और लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सचिव श्री बंसल ने अधिकारियों से कहा कि जहां सड़क निर्माण या अन्य विकास कार्य प्रस्तावित हैं, वहां संबंधित अधिकारी पहले स्थल का निरीक्षण कर तकनीकी जांच व अन्य सभी आवश्यक पहलुओं का परीक्षण करने के बाद आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

बच्चों को उनके जीवन व संस्कृति के आधार जंगल से कराया परिचय

# बच्चों ने सीखा प्रकृति व आयुर्वेद का अनमोल पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

प्रकृति की असीम संपदा से समृद्ध मैकाल पर्वत श्रृंखला के अंतर्गत आने वाले ग्राम बकेला में एक अत्यंत सराहनीय और शिक्षाप्रद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बैगा समाज छत्तीसगढ़ और ग्रामोदय ग्राम विकास समिति के संयुक्त नेतृत्व में सुविख्यात स्व. शिकारी बैगा शासकीय प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए प्रकृति एवं औषधीय ज्ञान विषय पर आधारित एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया।

शनिवार की सुबह 5 बजे, जब सूर्य की पहली किरणें मैकाल पर्वत की चोटियों को छू रही थीं, इन नन्हे-मुन्ने बच्चों का कारवां जंगलों और तालाबों की ओर निकला। इस भ्रमण का उद्देश्य महज सैर करना नहीं था, बल्कि बच्चों को उन जंगलों के महत्व से परिचित कराना था, जो उनकी संस्कृति और जीवन का आधार हैं। कार्यक्रम में बैगा समाज के प्रदेश अध्यक्ष इतवारी मछिया ने मार्गदर्शक की भूमिका निभाई। उन्होंने बच्चों को चलते-फिरते चलती-फिरती जीवंत पाठशाला का अनुभव कराया।

श्री मछिया ने बच्चों अमलतास जैसे महत्वपूर्ण पेड़ों की पहचान कराई और विस्तार से बताया कि कैसे हमारे पूर्वज इन पेड़-पौधों का उपयोग बीमारियों को दूर करने में करते थे। उन्होंने कहा, जंगल हमारा केवल घर नहीं, बल्कि हमारी औषधि और ज्ञान का भंडार भी है। नई पीढ़ी को इन पौधों के गुणों के बारे में पता होना चाहिए ताकि पारंपरिक चिकित्सा का यह ज्ञान लुप्त न हो। उन्होंने अनेक दुर्लभ औषधीय पादपों की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला।

### जल स्रोत और जैव विविधता का संरक्षण



स्व. शिकारी बैगा के वंशज केवल सिंह चिखलिया ने भ्रमण के दौरान बच्चों को जल संसाधनों के महत्व को समझाया। तालाब के किनारे उन्होंने बच्चों को विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों की पहचान कराई और बताया कि कैसे एक छोटा सा तालाब पूरी पारिस्थितिकी तंत्र को जीवित रखने के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण ही भविष्य का सबसे बड़ा कर्तव्य है।

### बच्चों को बताया गया सामुदायिक सहभागिता का महत्व

इस महत्वपूर्ण शैक्षिक पहल को सफल बनाने में राजीव मोहंती फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी रायपुर और चंद्रकांत यादव कार्यकारी निदेशक ग्रामोदय ग्राम विकास समिति की उपस्थिति ने कार्यक्रम को शानदार बना दिया। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति संकल्प लेने हेतु प्रेरित किया। ग्रामोदय ग्राम विकास समिति की पहल किताबी ज्ञान के साथ साथ शिक्षा प्राकृति के सानिध्य में भी प्राप्त करने का कार्य रहा है।